मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न... पृष्ठ 2 | कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 03 जून 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 231, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## छत्तीसगढ़ के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं बल्कि अपना सेवक समझें : विष्णुदेव साय

**रायपुर।** आज भी लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं अपने बीच का व्यक्ति, अपना भाई मानते हैं और कॉल भी करते हैं. व्यस्तता के कारण सभी लोगों से बात करना संभव नहीं हो पाता पर थोड़े-बहुत फोन हम आज भी रिसीव करते हैं और लोगों से बात करते हैं. मैं चाहता हूं कि हमेशा उनसे जुड़ा रहूं. कुछ लोग मुझसे कहते हैं कि आप मुख्यमंत्री हैं, सभी का फोन रिसीव मत करिए लेकिन आज मैं जो भी हूं, इन्हीं लोगों के कारण हूं। इसलिए मैं अपना स्वभाव नहीं बदलता हूं, धरातल से जुड़कर काम करना मुझे पसंद है. एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें कही.

उन्होंने कहा कि ये सही बात है कि आज भी मैं क्षेत्र के लोगों से सीधे संपर्क में रहता हूं. एक फोन हमेशा मैं अपने पास रखता हूं. मेरा यह नंबर बहुत पुराना है, जिस दिन जशपुर जिले में टॉवर लगा था और बीएसएनएल वालों ने जो नम्बर मुझे दिया था वह रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के हर कार्यकर्ता एवं लोगों के पास है. उस समय किसी को कोई भी परेशानी होती तो मुझे डायरेक्ट कॉल करते थे, बिजली गुल हो या कहीं का ट्रांसफार्मर बदलना हो या हैंडपंप लगवाना हो, लोग मुझसे सीधा शिकायत करते और मैं उसका निराकरण भी करता था.

सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं बल्कि अपना सेवक समझें. हम उनसे किए गए एक-एक वादों पर खरा उतरेंगे. छत्तीसगढ़ के विकास के लिए यदि आप हमें कोई सुझाव या सलाह देना चाहें तो पत्र या फोन कॉल के माध्यम से दे सकते हैं, इसे हम आशीर्वाद के रूप में स्वीकार करेंगे. विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के



लिए हम प्रतिबद्ध हैं.

**सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे**

सरकार के आगामी पांच साल की कार्ययोजना के सवाल पर विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी कि मोदी की गारंटी में किए गए सभी वादों को पूरा करें. केंद्र की आयुष्मान योजना सहित सभी योजनाएं, जिसे पिछली सरकार ने लागू नहीं किया या अड़ंगा डालने का काम किया, इसे भी धरातल पर लागू करेंगे. अब जब तीसरी बार भी केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे. पर्यटन को बढ़ावा, नक्सलवाद खत्म करना, 100 से अधिक वनोपजों का अधिक से अधिक मूल्य आदिवासियों को मिले, नियद नेल्लानार योजना से नक्सल प्रभावित पांच जिलों तक मूलभूत सुविधाएं एवं सरकार की योजनाओं को पंहुचाना हमारा लक्ष्य है. छत्तीसगढ़ के हित में जो भी जरूरी निर्णय आगे लेने पड़ें वो हम लेंगे। मोदी जी 2047 तक विकसित भारत बनाने में की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, उसमें हम विकसित छत्तीसगढ़ जरूर देखेंगे. पर्यटन को बढ़ावा देने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ गठन के बाद जब हमारी 15 साल की सरकार थी तब हमने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी और सरगुजा जहां नक्सलवाद पनपा था, वहां हमारी सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण पूरी तरह हमने नक्सलवाद को समाप्त किया. आज बस्तर क्षेत्र का एक बहुत छोटा सा भू-भाग ही नक्सलवाद से ग्रस्त है, लेकिन आज पूरे छत्तीसगढ़ की छवि नक्सली प्रदेश के रूप में है, जो हमारे पर्यटन को प्रभावित कर रहा है. हम सबको मिलकर इसको बदलना है और ये सब के प्रयास से ही संभव हो सकता है. पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ में अपार संभावना है, जो देश के लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकती है.

## एग्जिट पोल पर विपक्ष के सवाल पर बीजेपी अध्यक्ष किरण देव का पलटवार, कहा- इन्होंने बहुत भ्रम फैलाने की कोशिश की, लेकिन देश की जनता ने दिया तगड़ा जवाब

**रायपुर।** देश में 7 चरणों में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के बाद



एग्जिट पोल के नतीजे घोषित हो गए हैं. नतीजे आते ही राजनीतिक दलों की तरफसे बयान आने शुरू हो गए हैं. इंडी गठबंधन के आए बयान पर बीजेपी जमकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है. वहीं छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बयान देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की न तो कोई नीति थी और ना ही नेता. इनका एक ही लक्ष्य था मोदी जी को नहीं आने देना है. इन्होंने बहुत भ्रम फैलाने का कोशिश की. लेकिन देश की जनता ने तगड़ा जवाब दिया है. दरअसल, एग्जिट पोल में ह्ष्ठ की जीत पर मीडिया से चर्चा करते हुए बीजेपी अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि हम इस बात को बोलते थे. जिस पर एग्जिट पोल ने भी मोहर लगा दी है. सभी एग्जिट पोल एनडीए की सीट 400 के आसपास दिखा रहे है. इसके लिए जनता का आभार है. इंडी गठबंधन के एक्जिट पोल पर सवाल खड़ा करने पर किरण सिंह देव ने कहा कि उनका काम सवाल पैदा करना है. देश की जनता ने कांग्रेस के नेताओं के बयानों का अनुकूल जवाब दिया है. इंडी गठबंधन की न तो कोई नीति थी और ना ही नेता. इनका एक ही लक्ष्य था मोदी जी को नहीं आने देना है. इन्होंने बहुत भ्रम फैलाने का कोशिश की. देश की जनता ने तगड़ा जवाब दिया है. बृजमोहन अग्रवाल की जीत का पोस्टर लगाए जाने पर किरण सिंह देव ने कहा कि बहुत अंतर से बृजमोहन अग्रवाल जीत रहे हैं. इसमें कोई संशय नहीं है.

## असम में बाढ़ का कहर, 10 जिलों में 6 लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया,कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं. अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है. नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं. राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है.

## सिक्किम में एसकेएम की प्रचंड जीत, अरुणाचल प्रदेश में फिर बनी भाजपा की सरकार

**नई दिल्ली।** सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम आ गए हैं।सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत दर्ज की है, जबकि विपक्षी पार्टी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को मात्र एक सीट पर जीत नसीब हुई है।अरुणाचल प्रदेश में भाजपा 46 सीटें जीतकर दोबारा से सत्ता में बनी रहने में कामयाब रही है। नेशनल पीपुल्स पार्टी को 5 सीटों पर जीत मिली है। सिक्किम के मुख्यमंत्री और एसकेएम उम्मीदवार प्रेम सिंह तमांग ने रेनॉक विधानसभा सीट से 7,044 वोटों से जीत दर्ज की। उन्होंने एसकेएफ को सोमनाथ पोड्याल को हराया।बारफुंग सीट से एसडीएफ उम्मीदवार और भारतीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ी रहे बाइचुंग भूटिया एसकेएम के रिक्शल दोरजी भूटिया से हार गए हैं।सांघा सीट से एसकेएम के सोनम लामा ने भाजपा के सेतेन ताशी भूटिया को करीब 700 वोटों से हरा दिया है। सिक्किम में एसडीएफ के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने 2 सीटों पर चुनाव लड़ा था और वे दोनों हार गए हैं।नामचेबुंग सीट पर उन्हें एसकेएम के राजू बासनेट ने 2,256 वोटों से हरा दिया है। पोकलोक-कामरांग सीट पर उन्हें एसकेएम के ही भोज राज राय ने 3,063 वोटों से शिकस्त झेलनी पड़ी है।

## 4 हार्डकोर माओवादियों समेत 8 नक्सलियों ने डाले हथियार पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर किया सरेंडर



**सुकमा।** शासन की नीतियों से प्रभावित होकर और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए 8 माओवादियों ने आज आत्मसमर्पण किया . आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 4 हार्डकोर इनामी नक्सली शामिल है. इनमें से एक नक्सली पर शासन ने 2 लाख और 3 माओवादियों पर 1-1 लाख का इनाम घोषित किया था. सभी हथियार डालने वाले माओवादियों ने नक्सल की खोखली विचारधारा को त्याग कर शासन के पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर सरेंडर किया. नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में 226 वाहिनी सीआरपीएफ और थाना कुकानार स्टाफ एवं नक्सल सेल शामिल है.

**सीएम साय ने 8 माओवादियों के आत्मसमर्पण पर जाहिर किया हर्ष, कहा- हमारी सरकार नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर**



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय 8 नक्सलियों के आत्ममर्पण पर हर्ष जाहिर किया है. उन्होंने कहा कि सुकमा जिले में सक्रिय 4 इनामी नक्सलियों सहित 8 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने की सुखद खबर प्राप्त हुई. हमारी सरकार की च्छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीतिज्ज् एवं च्नियद नेल्लानार योजनाज्ज् से प्रभावित होकर नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं, जिनके पुनरुत्थान के लिए हमारी सरकार तत्पर है.

## नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आया ग्रामीण, पैर के उड़े चिथड़े



**बीजापुर।** नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बल को निशाना बनाने के लिए लगाए गए आईईडी की चपेट में ग्रामीण आ गया, जिससे उसके दाएं पैर के चिथड़े उड़ गए. कवायद जानकारी के अनुसार, तर्रेम थानाक्षेत्र के तोयानाला के पास घटना हुआ है. पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने घटना की जानकारी देते बताया कि चुटवाई निवासी माड़वी नंदा शौच के लिए गया था, इस दौरान सड़क किनारे लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गया. आईईडी के फटने उसका दांया पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है. युवक को ष्टक्रक्रस्न के फील्ड अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है.

## छत्तीसगढ़ में क्लीन स्वीप करेगी भाजपा- खूबचंद पारख

### मौन पर विपक्ष के हास्यास्पद विरोध से सातवें चरण में एनडीए को लाभ मिलेगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि 4 जून को छत्तीसगढ़ में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है, और 11 की 11 सीट जीतने की ओर अग्रसर हो रही है, उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राजनांदगांव से भूपेश बघेल की करारी हार होगी, क्योंकि इस बार जनता भूपेश बघेल की नीति, रीती को समझ चुकी थी और उन्होंने अपना आशीर्वाद मोदी जी को दिया है, जिसके फलस्वरुप यहां से संतोष पांडे डेढ़ लाख से ज्यादा वोटो से विजई होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विगत 10 वर्षों में मोदी जी के सफल नेतृत्व में देश उच्चतम ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण देश के युवा, महिला, किसान, श्रमिक, व्यापारी और सभी वर्गों ने मोदी जी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को वोट दिया है, इसलिए भाजपा अपने लक्ष्य 400 से पर जा रही है और 405 सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाने जा रही है। खूबचंद जी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन साधना पर गए तो विपक्ष को पेट में दर्द हो रहा था। श्री पारख ने कहा कि विपक्ष के पास ना दिशा है, और ना कोई कार्यक्रम। मात्र विरोध करने हेतु विरोध करना है, अब तो लगता



है कि मोदी जी कहेंगे कि हमें मजबूत विपक्ष चाहिए तो यह उसका भी विरोध करेंगे, आज मोदी जी ने पुरातत्व इतिहास में सनातन मौन साधना, जिसे जैन ऋषि मुनि लगातार कर रहे हैं, उस पर चलते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए मौन साधना के माध्यम से ईश्वर से आशीर्वाद लेने का प्राचीन सनातन धार्मिक पद्धति पर अमल करते मौन साधना कर रहे हैं तो विपक्ष को इसका विरोध नहीं करना चाहिए और मजाक नहीं उड़ाना चाहिए था, इसके पूर्व भी मोदी जी ने कई बार मौन साधना की है परंतु इस बार विपक्ष ने मोदी जी के विरोध में गंदे गंदे कमेंट किया, जिसके कारण विपक्ष के इस कृत्य से अंतिम चरण की 57 सीटों में विपक्ष का सुपड़ा साफहो जाएगा । श्री पारख ने कहा कि आज देश की जीडीपी 8.2त्न हो गई है, और गर्व का विषय है कि विदेश में रखा हुआ 100 टन सोना वापस आ रहा है और ऐसी स्थिति में विपक्ष हास्यस्पद स्थिति को पैदा कर रहा है, इसलिए 4 जून को छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है और मोदी जी पुन: देश को आगे बढ़ाने के लिए जन सेवक की भूमिका में देश की सेवा करने के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे।

## ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट, मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी.उन्होंने बताया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 19 लोग उपचाराधीन हैं.पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे. विशेष राहत आयुक्त के कार्यालय ने एक बयान में कहा, पुरी में हुई त्रासदी में दो और लोगों की मौत हो गई जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई. वर्तमान में 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं.केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भारतीय जनता पार्टी के पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा ने शनिवार शाम मृतक के परिजनों से मुलाकात की.




## एक्जिट पोल के सवाल पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने साधा निशाना कहा- संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाना कांग्रेस का चरित्र

**रायपुर।** एक्जिट पोल पर सवाल उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का चरित्र रहा है. जब इच्छा के अनुकूल काम नहीं होता, तो संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाते हैं. एक्जिट पोल को दूर रखने का काम किया. किस-किस को दूर रखेंगे, जनता ने कांग्रेस को दूर कर दिया है. इसे भी पढ़ें : एक्जिट पोल से विकास उपाध्याय नहीं सहमत, कहा- यह भ्रामक प्रचार का एक तरीका, हम नहीं करते यकीनउप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि शुरू से हमने यह कहा था. कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के टिकट पर कोई चुनाव लड़ना नहीं चाहता था. चुनाव लड़ने से पहले कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी थी. जनता से नकारे हुए लोगों को कांग्रेस ने मैदान में उतारा. आखिरकार फिर से जनता ने उन्हें बता दिया, परिणाम देख रहे हैं. शेर जनता बनती है, ढेर भी जनता करती है. वहीं




मतगणना के बाद इंडिया गठबंधन के भविष्य पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों का गठबंधन है. जब गठबंधन था, तब से झगड़े चल रहे हैं. 4 जून के बाद केवल सिर फुट्टव्वल होने वाला है. वहीं कांग्रेस के दावों पर कहा कि जनता ने कांग्रेस के दावों को परखा है. इनका कोई भी दावा सही साबित नहीं हुआ. विधानसभा में भी यह दावा करते थे. कांग्रेस शून्य में आउट होने वाली है. 11 सीट हम जीतने वाले हैं. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि टिकट मिलने से पहले भी कांग्रेस पार्टी ने जीत का दावा किया था. कांग्रेस पार्टी अपने गिरेबान में झांक कर देखे. विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने सत्ता से बाहर किया. लोकसभा में शून्य पर आउट होने वाली है. जब भी इनके इच्छा के अनुरूप कोई भी संवैधानिक संस्था निर्णय करती है. तो यह अविश्वास जताते हैं. 4 तारीख को फिर से ईवीएम को दोष देंगे. जीत के जश्न को लेकर बोले उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि 4 जून को जश्न देश की जनता मनाएगी. देश की जनता जो चाहती है. नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने, विकसित भारत का निर्माण करें, वह सही साबित होने वाला है. 4 जून को देश की जनता उत्सव मनाएगी. पुनर्वास नीति को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में शांति, विकास और तरक्की के लिए पुनर्वास नीति आवश्यक है. सरकार इस दिशा में ठोस मजबूती से कम कर रही है. आने वाले समय में बस्तर भयमुक्त होगा और तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा.कांग्रेस के चिंतन शिविर पर निशाना साधने पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भविष्य के हित में, विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए चिंतन शिविर आयोजित था. प्रश्न चिन्ह उठाना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत है. अपने विकास विरोधी छत्तीसगढ़ विरोधी मानसिकता को कांग्रेस प्रदर्शित कर रही है.

# मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में किया गया रिहर्सल

**मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से, कलेक्टर ने मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का लिया जायजा, गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश**









**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 4 जून 2024 को होने वाले मतगणना कार्य को सुचारू सम्पन्न करने तथा तैयारी के लिए आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में सुबह 7 बजे से रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतगणना की तैयारी एवं व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कार्य से संबंधित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रोआब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया है। उद्घोषक कक्ष में हर रॉऊंड की जानकारी दी जाएगी। सुबह 7 बजे से सभी अपने टेबल पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि मतों की गोपनीयता भंग न हो इसके लिए मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। पान, गुटखा, बीड़ी एवं अन्य मादक पदार्थ भी प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर राउण्ड में 14-14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में मतदान केन्द्रों की संख्या अधिक होने के कारण 21-21 टेबल लगाये जाएंगे।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं कूलर में पानी भरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर का कार्यालय होने के कारण राजनांदगांव जिले के साथ ही कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों की जानकारी समेकित करते हुए राऊण्डवार जानकारी दी जाएगी। डाकमत पत्रों की गणना के बाद ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के मापदण्डों के अनुसार मतगणना कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था त्रि-स्तरीय है, जिसमें पहले स्तर पर आईटीबीपी की फोर्स, द्वितीय स्तर पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल एवं तीसरे स्तर पर जिला पुलिस बल के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को ओआरएस घोल एवं अन्य दवाईयां रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतगणना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उद्घोषणा कक्ष, मीडिया कक्ष, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर कक्ष राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतगणना कक्ष का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणनाकर्मियों, सेण्ट्रल टेबिुलेशन, सिलिंग कार्य तथा स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीन लाने व ले जाने एवं अन्य कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आने-जाने तथा उनसे संबंधित कार्यों तथा प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर खुज्जी श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ श्री उमेश कुमार पटेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगांव श्री मनोज कुमार मरकाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रोआब्जर्वर, एजेंट, प्रेस एवं मीडिया, अभ्यर्थी के आने-जाने के रूट के लिए किया गया मॉक ड्रिल - त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई**

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से की जाएगी। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार कबीरधाम जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा की मतगणना आदर्श कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड कवर्धा में किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में किया जाएगा। राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में किया जाएगा। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर की मतगणना शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में किया जाएगा। सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव क्षेत्र के डाक मतपत्रों की गिनती और समस्त मतदान केन्द्रों के मतदान का परिणाम समेकित करने की कार्रवाई छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में की जाएगी।

## संगीत विश्वविद्यालय में अधिकारियों का निलंबन पूरी तरह से गलत- विक्रांत

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव सहित दो प्रध्यापक के निलंबन को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के शैडो विधायक विक्रांत सिंह ने पूरी तरह से गलत बताया है। श्री सिंह ने कहा है कि राजभवन से मिले पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था जबकि उक्त संस्था के पास नोटिस जारी किये गये कर्मचारियों के नियुक्ति सम्बन्धित समस्त दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद कर्मचारियों से उनके दस्तावेजो की जानकारी मांगना समझ से परे है वहीं कर्मचारियों के द्वारा जवाब देने के लिये विश्वविद्यालय में उपलब्ध दस्तावेजो की प्रति प्रदान न करते हुये निलंबन की कार्यवाही द्वेषभावनापूर्ण को दर्शाता है। कांग्रेस के शासनकाल में निलंबित अधिकारी, अध्यापको की नियुक्ति सम्बन्धित शिकायत पर शासन स्तर पर जांच की गई थी जिसमे निलंबित कर्मियों की नियुक्ति को सही पाया गया था। इसके बावजूद बिना किसी कारण के विश्वविद्यालय संस्था द्वारा अपने कर्मचारियों को नियम से परे जा कर निलंबित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा अपने कर्मचारियों के निलंबन को बहाल करना चाहिये श्री सिंह ने कहा कि निलंबन निरस्त नही किया जाता है तो विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग से सम्बंधित मंत्रियो से इस विषय में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



## सांगली में यादव समाज के सामाजिक संगोष्ठी में संगठन और स्वरोजगार पर विशेष जोर दिया गया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मानपुर मोहला चौकी जिला के बाँधा बाजार सर्किल कोशरिया यादव समाज का सामाजिक संगोष्ठी ग्राम सांगली में रविवार 1 जून को हर्षोल्लास संपन्न हो गया। जिसमें राजनांदगांव और और मानपुर मोहला चौकी जिला के समस्त जिला पदाधिकारीओ का सामाजिक समागम का एक अवसर रहा है। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि कन्शु राम यादव जिला अध्यक्ष राजनांदगांव के साथ रामा धार यादव जिला अध्यक्ष मानपुर मोहला चौकी ने अध्यक्ष ता निभाई। कार्य क्रम का शुभारंभ अतिथियों के हाथों भगवान श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना से हुआ। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक संगठन की विशेष जिम्मेदारी महिला एवं युवा मंडल पर होता है। शिक्षा का अधिकाधिक उपयोग कृषि एव स्वरोजगार के क्षेत्र में होनी चाहिये। गाँव में महिला समूह पर जोर दिया। कार्य क्रम के अध्यक्ष श्री यादव ने संगठित समाज के महत्ता को बताया। विशेष अतिथि कार्तिक राम यादव ने सामाजिक नियमावली के परिपालन पर जोर देते हुए महिलायों के सम्मान में संशोधित नियमावली का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा भविष्य में समाज कल्याण हित महत्व पूर्ण योजनायो को शासन तक पहुँचाने की बात कही। सुरेश यादव,राधे लाल यादव,शीलु राम यादव,ओम प्रकास यादव,रेखचंद् यादव , बिंदु यादव आदि ने भी सभा को संबोधित किया। विशेष अतिथियों में अनिल यादव,धनेश यादव,महेश यादव,फगुवा राम यादव,हरीश यादव,दिग्विजय यादव,ग्वाला प्रसाद यादव आदि भी उपस्थित थे। सर्किल अध्यक्ष बलदु राम यादव ने स्वागत भाषण में सामाजिक प्रति वेदन प्रस्तुत किया। सर्किल संरक्षक विष्णु राम यादव न आमंत्रित अतिथियों के हार्दिक आभार ब्यक्त किया। कार्य क्रम का सफल संचालन समाज गौरव ग्वाला प्रसाद यादव ने किया। कार्य क्रम को सफल बनाने में बिंदु यादव,साधना यादव,लता यादव,अनुसुइया यादव,वर्षा यादव,सिलो यादव,भगवती यादव,मीना यादव, खेमचंद् यादव,रमेश यादव,भागीरथी यादव,चंद्रहस् यादव,खिलावन यादव,महेंद्र यादव,राधे लाल यादव,खोर बहरा यादव अनूप यादव,सूरज यादव,किशोर यादव आदि का सारानीय सहयोग रहा है। इस कार्य क्रम से जिला मानपुर मोहला चौकी जिला के सामाजिक बंधुयों को विशेष प्रेरणा मिलेंगे। ऐसे कार्य क्रम अब हर सर्किलों में होंगे और समाज को नई मजबूती मिलेगी।



## सप्ताह के सितारे (03 जून 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 3- 9 - 0 | 19-91-10-01-93-39 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 9 | 27-72-29-92-79-97 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 4 - 5 - 8

सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 51- 40 -37 -89

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 14 - 15 - 18 | (6) 63 - 64 - 65- 68 |
| (2) 23 - 24 - 25 - 28 | (7) 73 - 74 - 75 - 78 |
| (3) 33 - 34 - 35 - 38 | (8) 83 - 84 - 85 - 88 |
| (4) 43 - 44 - 45 - 48 | (9) 93 - 94 - 95 - 98 |
| (5) 53 - 54 - 55 - 58 | (10) 03 - 04 - 05 - 08 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 33-92-58-60-08-24 | 21-49-14-56-52 |
| 27-21-83-79-01-44 | 05-46-96-18-64 |
| 98-40-45-96-53-30 | 42-50-80-08-20 |
| 26-66-70-02-16-42 | 40-21-25-27-63 |
| 00-63-94-44-46-34 | 08-51-87-57-81 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

## भ्रष्टाचारी और कमीशन बाजी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं अधिकारी- मनोज निर्वाणी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि कुछ नगर निगम के अधिकारी कुछ जिला के अधिकारी सरकार बदले 6 महीने हो गए लेकिन अधिकारियों की आदत अभी भी नहीं सुधरी 5 साल कांग्रेस राज्य में जिस तरह से उन्होंने भ्रष्टाचार कांग्रेसियों के साथ मिलकर के किया है वह वही व्यवस्था भाजपा के साथ करना चाहते हैं लेकिन एक बात ध्यान रखें यह भाजपा की सरकार है यहां पर यह सब नहीं चलेगा समय रहते अपनी आदत आचरण और व्यवहार को सुधार लें निष्ठा और ईमानदारी से काम करना शुरू कर दें फोटो बाजी खींचा के पेपर में छपवाना बंद कर दें और नहीं तो अपना तबादला स्वयं करवा ले क्योंकि यहां भाजपा की सरकार है और यह राजनांदगांव है अगर भ्रष्टाचार और अपने व्यवहार में सुधार नहीं लाना है कमीशन बाजी भ्रष्टाचारी करनी है तो अपनी व्यवस्था बनाएं और यहां से अपना स्थानांतरण करवा ले ऐसे लोगों को यहां पर रहने भी नहीं दिया जाएगा जो अपनी हरकतों से बाज नहीं आएंगे वह अधिकारी खास तौर पर ध्यान रखें जो कांग्रेसियों की चाटुकारिता अभी भी कर रहे हैं और कांग्रेस मिलकर के शासन में भ्रष्टाचार में लिप्त हो रहे हैं लालसा इतनी बढ़ गई है कि आचार संहिता में भी कमीशन लालच का समुद्र बढ़ता जा रहा है



## पत्रकार विक्की को पितृ शोक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक दिवान पारा गौरा चौरा के पास निवासी श्री जगदीश श्रीवास्तव 73 वर्ष का रविवार को आकास्मिक निधन हो गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए । वे पिछले कुछ दिनो से असस्वध्य थे। वे शहर के फोटो पत्रकार विकल्प विक्की श्रीवास्तव के पिता , वरिष्ठ फोटो पत्रकार अशोक श्रीवास्तव के बडे भाई एवं पत्रकार अंकित श्रीवास्तव के मामा थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 3 जून को सुबह 9 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकलेगी ।



## महिला मित्र के घर में मिली युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश

### युवक के शव का हुआ पोस्टमार्टम, जाँच में जुटी पुलिस



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** महिला मित्र के घर में भिलाई निवासी युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से नगर में आज सनसनी फैल गई। मौत की जानकारी के बाद युवक के शव का पोस्टमार्टम किया गया हैं और मौत के कारणों का खुलासा करने पुलिस जाँच में जुट गई हैं। जानकारी अनुसार शनिवार की रात को खाना खाकर सोये 35 वर्षीय युवक की रविवार की सुबह लाश मिलने से सिविल अस्पताल चौक इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा हैं भिलाई मरौदा निवासी डागेश्वर मानिकपुरी 35 साल का बीते कुछ दिनो से अस्पताल चौक में रहने वाले एक परिवार के घर आना जाना था। देर रात वह भिलाई से खैरागढ़ पहुँचा और देर रात खाना खाने के बाद कमरे मे आराम करने चला गया। सुबह घर की महिला उसे चाय देकर उठाने गई तो वह अचेत मिला। पहले 108 को फोन किया, स्टाफने मौत की पुष्टि की जिसके बाद महिला दौड़े भागे थाने पहुंची और फिर मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक का पंचनामा तैयार कर हर एंगल से जॉच शुरू की है। आसपास के लोगो ने बताया कि डागेश्वर मानिकपुरी शादीशुदा और दो बच्चो का बाप है कुछ दिन पहले ही उसका पत्नि से तलाक हुआ है और वह खैरागढ़ में अपने महिला मित्र के घर आना जाना करता रहा हैं। डागेश्वर की मौत को लेकर पहले महिला सीमा टंडन ने भी पूरी जानकारी पुलिस को नहीं दी जिसके चलते मृतक के जेब मे मिले मोबाईल में डॉयल नंबर्स को चेक कर पुलिस ने पता लगाया कि वो मरौदा भिलाई का रहने वाला डागेश्वर है। मर्ग कायम कर पुलिस ने देर शाम पीएम बाद शव उसके परिजनो को सौंप दिया है। डागेश्वर की मौत को लेकर महिला सीमा टंडन के विरोधाभासी बयानो के चलते पुलिस को मृतक का नाम पता जानने मे काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद मे महिला ने स्वीकार किया वह मृतक को जानती है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।



nandgaon times june-03-02.qxd 6/2/2024 10:35 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) प्रतिवर्ष संयुक्त शांति सैनिकों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?*
*2) हाल ही में लोकपाल का सचिव किसे नियुक्त किया गया है?*
*3) उत्तरप्रदेश राज्य के दक्षिण में स्थित पठारी भाग क्या कहलाता है?*
*4) कौनसा जनपद माहीगीर जनजाति का मुख्य निवास क्षेत्र है?*
*5) हाल ही में एक सत्र में दो बार माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति कौन बने हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 29 मई (2) प्रदीप कुमार त्रिपाठी (3) बुंदेलखंड (4) बिजनौर (5) सत्यदीप गुप्ता

## रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा गर्मियों में पशु पक्षियों के लिए किया जा रहा है दाना पानी की व्यवस्था



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकिय दिग्विजय महाविधालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर जी के मार्गदर्शन एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि जी व प्रो.करुणा रावटे जी के नेतृत्व में स्वयंसेवियों द्वारा स्वयंसेविका दिव्या यादव के द्वारा कबाड से जुगाड के द्वारा अनुपयोगी बोतलों एवं तेल टीपा के माध्यम से बढ़ते तेज धूप व गर्मी को ध्यान में रकजते हुए पक्षियों के लिए दाना व पानी की व्यवस्था की गयी। गर्मियों के शुरुवात से ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा पशु पक्षियों के लिए निरंतर विभिन्न सेवा कार्य कोया जा रहा है। क्योंकि जल की आवश्यकता सभी छोटे बड़े जीव जंतुओं को होती हैं और ज्यादातर गर्मी के दिनों में। स्वयंसेवियों का कहना है की गर्मियों में तो इंसान की हालात ख़राब हो गयी है तो ये तो बेजुबान जानवर है इसी सेवा भावना के साथ निरंतर सेवा कार्य जारी है। और स्वयंसेवियों द्वारा सन्देश दिया गया की बढ़ते गर्मी को यदि भविष्य में कम करना हो तो कम से कम 1 - 1 पौधा लगाएं और उसे बड़ा करने का संकल्प लें जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित हो। इस अभियान में स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर , स्वयंसेविका दिव्या यादव, योगिता , नीतू के साथ साथ पुरे इकाई के स्वयंसेवी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

## निधन

**हिरामन वर्मा**



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम सांगिनकछार निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हिरामन वर्मा का 2 जुन रविवार को स्वर्गवास हो गया वि लगभग 76 वर्ष के थे उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा परिजन शामिल हुऐ वे अपने पिछे 6 बेटे 2 बेटी एवं पोता पोती एवं भरापूरा परिवार छोड़ गए ।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया

## कवर्धा एवं पंडरिया मतगणना हॉल, आब्जर्वर एवं जिला निर्वाचन सहित मीडिया सेंटर का अवलोकन किया

**कवर्धा।** लोकसभा निर्वाचन की मतगणना पूरी पारदर्शिता के साथ होगी, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। तैयारियां अंतिम चरणों में है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत कबीरधाम जिले में निर्वाचन 2024 की मतगणना की तैयारियों के संबंध में कृषि उपज मंडी परिसर अंतर्गत मतगणना स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया और आवश्यक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधानसभा-71 पंडरिया, 72-कवर्धा के मतगणना हॉल, मतगणना स्थल पर बनाएं जा रहे निर्वाचन कार्यालय, आब्जर्वर एवं जिला निर्वाचन कक्ष, मीडिया सेंटर और सीसीटीवी निगरानी कक्ष सहित सभी स्थलों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने ऑब्जर्वर कक्ष सहित जिला निर्वाचन अधिकारी और मीडिया सेंटर में इंटरनेट व्यवस्था सहित आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री संदीप ठाकुर, श्री अनुपम टोप्पो, सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने विधानसभावार मतगणना हॉल पर आधार भू-संरचना, प्रस्ताव के आधार पर 21 टेबल की तैयारी, मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। मतगणना दिवस के दिन मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में लगे सभी कर्मचारियों को पास जारी करने के निर्देश दिए। मतगणना कक्ष पर राजनीतिक दलों के एजेंटो



के लिए समुचित बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच 04 जून को मतगणना की कार्यवाही प्रात: 8 बजे से आदर्श कृषि उपज मंडी तालपुर में शुरू होगी। स्ट्रांग रूम सुबह 7 बजे अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिनधियों को उपस्थित होने की सूचना भेजने के निर्देश दिए है। मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और 72 कवर्धा में 21-21 टेबल, 2 एआरओ टेबल पर एक-एक गणना अभिकर्ता नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया में 19 राउण्ड, 72 कवर्धा में 20 राउण्ड, में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जाएगी। डाक मतपत्र की गणना संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र के मुख्यालय राजनांदगांव में होगी। डाक मतपत्र की गणना के लिए 4 टेबल लगाए जाएंगे। 27 मई तक 1585 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके है। सेवा निर्वाचकों से प्राप्त डाक मतपत्रों की स्कैनिंग मुख्यालय राजनांदगांव में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। ईव्हीएम से मतों की गणना और डाक मतपत्रों के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना और डाक मतपत्रों के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना आयोग के निर्देशानुसार की जाएगी। कंट्रोल यूनिट के डिस्प्ले नहीं होने अथवा मॉक पोल के सीआरसी नहीं होने की स्थिति आयोग के निर्देशानुसार व्हीव्हीपैट पर्चियों की गणना की जाएगी। इसके अलावा आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा वार 05-05 व्हीव्हीपीएटी की पर्चियों की गणना सभी कंट्रोल यूनिट के मतों की गणना के बाद की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बस की तैनती की जाएगी। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को कृषि उपज मण्डी प्रांगण से हाकर प्रवेश करना होगा। मतगणना में लगे अधिकारी, कर्मचारी मुख्य द्वार की ओर प्रवेश की व्यवस्था बनाई गई है। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने गणना अभिकर्ता के लिए पेयजल एवं भोजन की आपूर्ति के लिए प्रत्येक विधानसभा 2-2 प्रतिनिधि की नियुक्ति करने की अनुमति दी जाएगी। मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अलग-अलग रंगों के परिचय पत्र जारी की जा रही है, गणना अभिकर्ताओं के लिए सफेद रंग का परिचय पत्र जारी किया जाएगा, मतगणना के दिन लगाकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता को पूर्व में जारी किए गए परिचय पत्र के आधार पर प्रवेश की पात्रता होगी। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951के तहत गोपनीयता बनाए रखने की शपथ मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों,कर्मचारियों, अभ्यार्थियों अभिकर्ताओं को लेना होगा।

# ईवीएम मतों की गणना के लिए दोनों विधानसभा के लिए 21-21 टेबलों की व्यवस्था

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों से प्रेसवार्ता लेकर तैयारियों लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और 72 कवर्धा के मतगणना के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि मतों की गणना 04 जून को प्रात: 8 बजे से कृषि उपजमंडी समिति बिलासपुर रोड़ कवर्धा में शुरू होगा। इसके पहले प्रात: 7 बजे उनकी उपस्थिति में ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री गुलाब डड़सेना उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत



विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया एवं 72-कवर्धा के मतों की गणना कृषि उपज मण्डी, बिलासपुर रोड, कवर्धा में 04 जून मंगलवार को होगी। ईवीएम मतों की गणना के लिए दोनों विधानसभा के लिए 21-21 टेबलों की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक 07 टेबल के लिए अलग से अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रहेंगें। प्रत्येक विधानसभा के लिए 21 टेबल में रिजर्व कर्मचारी सहित 29-29 मतगणना पर्यवेक्षक, 29-29 गणना सहायक एवं 27-27 माईक्रो ऑब्जर्वर रखे गए है। ईवीएम परिवहन अधिकारी 02-02 राजस्व निरीक्षक एवं 26-26 सहायक (रनर) के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया में 19 राउण्ड, 72-कवर्धा में 20 राउण्ड, में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जाएगी।

## ईवीएम की मतगणना के लिए गठित मतगणना दलों का किया गया द्वितीय रेंण्डमाईजेशन

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव लोकसभा




निर्वाचन क्षेत्र-06 के अंतर्गत आने वाले कबीरधाम जिले के लिए नियुक्त मतगणना आब्जर्वर श्री अरूण कुमार मनहास की उपस्थिति में आज एनआईसी कक्ष में मतगणना कार्य के लिए लगे मतगणना सुपरवाईजर, गणना सहायक और माइक्रो आर्ब्जवर का द्वितीय रेंण्डमाईजेशन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा श्री मनहास को राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-06 अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया एवं 72-कवर्धा के लिए मतगणना आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। मतगणना आब्जर्वर श्री मनहास की उपस्थिति में 04 तारीख को मतगणना का कार्य संपादित किया जाएगा। मतगणना कार्य के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाईजेशन 04 तारीख को सुबह 05 बजे किया जाएगा।

# भीषण गर्मी में 100 सेकंड का रेड सिग्नल, सरकारी प्रयोग के चलते जनता हो रही परेशान

## 1 मिनट 40 सेकंड के रेड सिग्नल को अधिकतम 30 सेकंड करने ट्रेफिक्र विभाग को शिवसेना का अल्टीमेटम

### सुधार करें विभाग अन्यथा ट्रेफिक्र उप पुलिस अधीक्षक को तपती धुप में करेंगे खड़ा : शिवसेना

**जगदलपुर (नांदगांव टाइम्स)।** बस्तर ज़िला अधिकारीयों के लिए प्रयोग शाला बनी हुई है. बिना जनता या जनप्रतिनिधियों के सलाह मशविरा के अधिकारी अपने मनमर्ज़ी करते हुए नियम क़ानून बनाते दिखाई दें रहे हैं. भीषण गर्मी में यातायात विभाग प्रयोग करते हुए बस्तर की जनता को 100 सेकंड तक रेड सिग्नल लगाकर तपती धूप में खड़ा कर रही है. ट्रेफिक्र सिग्नल के समय में तत्काल बदलाव करने का आदेश शिवसेना के ज़िला अध्यक्ष ने ट्रेफिक्र उप अधीक्षक को दिया है. जानकारी हो कि बस्तर ज़िला में पुलिस विभाग द्वारा कुछ दिन पहले वन - वे आरंभ करके यातायात दबाव को नियंत्रित करने का प्रयोग किया गया था. जो कि कुछ ही दिनों में दम तोड़ गया और अधिकारीयों को अपने प्रयोग पर निंदा भी झेलना पड़ा. शिवसेना के ज़िला अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा है कि निगम के द्वारा बड़ी कम्पनियों को विज्ञापन डिस्प्ले का ठेका दिया गया है अब उनका विज्ञापन जनता मज़बूरी में देखें इस कारण यातायत विभाग से सांठगाठ करके बस्तर की आम जनता को इस भीषण गर्मी में ट्रेफिक्र पुलिस 100 सेकंड तक के लिए रेड सिग्नल लगाकर रोक रही है. शिवसेना के ज़िला अध्यक्ष ने प्रेस को बताया कि ट्रेफिक्र विभाग के उप पुलिस अधीक्षक स्वयं जनता की गाढ़ी कमाई से चुकाये टैक्स के पैसों से किराये पर ली गई एयर कंडीशनर वाली बोलेरो में घूमते हैं और आम जनता समेत अपने ही विभाग के छोटे कर्मचारियों के



साथ तपती धुप में प्रयोग कर रहे हैं. उन्होंने बताया हैकि बीते कुछ दिनों से यातायात विभाग नगर में सिग्नल पुन: आरंभ करने की कोशिश कर रही है लेकिन बिना किसी ब्लू प्रिंट या नगर के सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं से चर्चा बिना ही किसी आदेश को लागू करने के तानाशाही पूर्ण रवैय्ये के कारण आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है. पत्रकारों से चर्चा के दौरान शिवसेना के ज़िला अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने कहा कि जगदलपुर के व्यस्ततम चांदनी चौक में पुलिस विभाग द्वारा कलेक्टर कार्यालय के तरफ़ जाने वाली मार्ग पर 1 मिनट 40 सेकण्ड का रेड सिग्नल लगाया गया है. इसी प्रकार नगर के बीच स्थित शराब दुकान तिराहा पर 95 सेकंड का रेड सिग्नल होता है. इतने लम्बे सिग्नल होने के कारण जहां बेफालतू का भीड़ एकत्रित हो जाता है वहीं भीषण तप्ती धुप का सामना भी जनता को मज़बूरी में करना पड़ रहा है. अगर जनता ट्रेफिक्र सिग्नल लांघ कर चले जाए तो उनपर चलानी कार्यवाही की जावेगी. शिवसेना के ज़िला अध्यक्ष ने बताया कि जहां रुकने के लिए रेड सिग्नल 1 मिनट 40 सेकंड तक की है वहीं निकलने के लिए बहुत कम समय तक ग्रीन सिग्नल टाइमर सेट किया गया है. शिवसेना ने प्रेस के माध्यम से जनता के पैसों से ⸝ष्ट बोलेरो में घूमने वाले ट्रैफ़िक्र पुलिस अधीक्षक को कहा हैकि उन्हें दोपहर लगभग 1-2 बजे को इस भीषण धुप में खड़ा होकर देखना चाहिए कि जनता को कैसे महसूस होता है. उन्होंने बस्तर ज़िला के उप पुलिस अधीक्षक (ट्रेफिक्र) को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए जनता के साथ बिना किसी ब्लू प्रिंट के किए जा रहे अपने प्रयोग को तत्काल बंद करने और इस भीषण गर्मी में या तो पूरी तरह से ट्रेफिक्र सिग्नल बंद करने या अधिकतम 30 सेकंड रोकने के लिए और न्यूनतम 15 सेकंड जाने के लिए रखें जाने के लिए आदेशित किया है.

## धर्म समाचार....

# प्रदोष व्रत पर राशि अनुसार करें इन चीजों का दान, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम




ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी 04 जून को है। मंगलवार के दिन पड़ने के चलते यह भौम प्रदोष व्रत कहलाएगा। इस दिन भगवान शिव एवं मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि भौम प्रदोष व्रत करने से साधक यानी व्रती को कर्ज की समस्या से मुक्ति मिलती है। हर माह कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस व्रत का पुण्य फल दिन अनुसार प्राप्त होता है। मंगलवार के दिन पड़ने के चलते यह भौम प्रदोष व्रत कहलाता है। भौम प्रदोष व्रत करने से व्यक्ति को जीवन में व्याप्त आर्थिक तंगी से मुक्ति मिलती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली दस्तक देती है। अत: साधक श्रद्धा भाव से भगवान शिव एवं मां पार्वती की पूजा की जाती है। शास्त्रों में प्रदोष व्रत पर पूजा-पाठ के बाद दान करने का विधान है। अगर आप भी कुंडली में अशुभ ग्रहों के प्रभाव को समाप्त करना चाहते हैं, तो भौम प्रदोष व्रत पर पूजा के बाद इन चीजों का दान करें।

**राशि अनुसार दान**

**मेष राशि** के जातक कुंडली में मंगल ग्रह को मजबूत करने के लिए आम और तरबूज का दान करें।

**वृषभ राशि** के जातक प्रदोष व्रत पर दूध, दही, रसगुल्ले का दान करें। इन चीजों के दान से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है।

**मिथुन राशि** के जातक कुंडली में बुध ग्रह मजबूत करने के लिए गौशाला में ब्रोकली, पालक समेत हरी सब्जियों का दान करें।

**कर्क राशि** के जातक भौम प्रदोष व्रत पर माखन, मिश्री और घी का दान करें। इन चीजों के दान से कुंडली में चंद्र ग्रह मजबूत होता है।

**सिंह राशि** के जातक भौम प्रदोष व्रत पर पूजा-पाठ के बाद गाजर, शकरकंद, अनार आदि चीजों का दान करें। इस उपाय को करने से कुंडली में सूर्य मजबूत होता है।

**कन्या राशि** के जातक भौम प्रदोष व्रत पर विवाहित महिलाओं को हरे रंग की चूड़ियां का दान करें। इस उपाय को करने से कुंडली में बुध ग्रह मजबूत होता है।

**तुला राशि** के जातक भौम प्रदोष व्रत पर चावल, आटा, सूजी, मैदा, चीनी आदि चीजों का दान करें। इन चीजों का दान करने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है।

**वृश्चिक राशि** के जातक कुंडली में मंगल ग्रह मजबूत करने के लिए सेब, चुकंदर, टमाटर आदि चीजों का दान करें।

## विनायक चतुर्थी पर करें राशि अनुसार इन मंत्रों का जाप, जीवन के संकट होंगे दूर

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणपति बप्पा की पूजा और व्रत किया जाता है। इस बार विनायक चतुर्थी का पर्व 10 जून को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार चतुर्थी तिथि पर भगवान



गणेश की आराधना करने से जातक को सभी प्रकार के संकटों से छुटकारा मिलता है। साथ ही सुख और सौभाग्य में भी अपार वृद्धि होती है। हिंदू धर्म में विनायक चतुर्थी का अधिक महत्व है। इस विशेष दिन पर भगवान शिव के पुत्र गणपति बप्पा की पूजा और व्रत किया जाता है। ज्येष्ठ माह में विनायक चतुर्थी का पर्व 10 जून को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की आराधना करने से जातक को सभी प्रकार के संकटों से छुटकारा मिलता है। साथ ही सुख और सौभाग्य में भी अपार वृद्धि होती है। अगर आप भी अपना जीवन सुखमय चाहते हैं, तो इस आर्टिकल में दिए गए राशि अनुसार मंत्रों का जाप विनायक चतुर्थी पर करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 09 जून, 2024 दोपहर 03 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन 10 जून, 2024 दोपहर 04 बजकर 14 मिनट पर होगा। ऐसे में विनायक चतुर्थी का व्रत 10 जून को रखा जाएगा।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# तत्व जिज्ञासा तत्त्व बोध प्राप्त कर मोक्ष की भावना से है कर्त्तव्य - पुरी शंकराचार्य

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दूओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज वेद सम्मत विज्ञान एवं सनातन वर्णाश्रम उचित जीवन पद्धति की महत्ता की चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि जैसे अनीश्वरवादी यह नहीं समझ पाते कि उनकी चाह का वास्तव विषय मृत्यु, अज्ञता और दु:ख का निवारक सच्चिदानन्द स्वरूप सर्वेश्वर है, वैसे ही वेदविहीन विज्ञान के पक्षधर यह नहीं समझ पाते कि वास्तव विकास का जनक वेद सम्मत विज्ञान और सनातन वर्णाश्रम उचित जीवन पद्धति है। शुद्ध पर्यावरण, अर्थ सम्पन्नता, भोग भोगने की क्षमता, सर्वहित संलग्नता, समुज्ज्वल वंश परम्परा, सद्गति और आधि भौतिक, आध्यात्मिक तथा आधदैविक त्रिविध सुख की आत्यन्ति की निवृत्ति मन्वादि धर्मशास्त्रों के अनुरूप जीवन पद्धति से ही सम्भव है। यदर्थ वस्तु और व्यक्ति की अभिव्यक्ति है, तदर्थ उसका उपयोग और विनियोग उसकी सार्थकता है। व्यक्ति तथा वस्तु की अभिव्यक्ति के प्रयोजन का परिज्ञान वेदादि शास्त्रों के मर्मज्ञ मनीषियों के सान्निध्य से सम्भव है। व्यक्ति तथा वस्तु की अभिव्यक्ति के प्रयोजन के अनुरूप उसका उपयोग और विनियोग उसकी सार्थकता तथा विकास की परिभाषा है। जिससे जिसे सत्ता तथा स्फूर्ति सुलभ हो, उसके लिये उसका उपयोग और विनियोग उसकी सार्थकता है। सच्चिदानन्द स्वरूप सर्वेश्वर से जीव और



जगत् को सत्ता तथा स्फूर्ति सुलभ है। जीव के जीवन की सार्थकता सच्चिदानन्द स्वरूप सर्वेश्वर जीवन धन जगदीश्वर की आत्म रूप से स्फूर्ति के अनुरूप देहेन्द्रिय प्राण अन्त:करण सहित बाह्य प्रपञ्च के उपयोग और विनियोग में सन्निहित है। आहार आदि रूप अर्थ की सिद्धि के लिये अनिन्द्य कर्मरूप धर्म का सम्पादन विहित तथा उचित है। आहार आदि सेवन रूप विषय उपभोग संज्ञक काम विषय लम्पटता के लिये नहीं, अपितु प्राण रक्षार्थ विहित है। प्राण संधारण भगवत् तत्त्व की जिज्ञासा के लिये विहित है। तत्त्व जिज्ञासा तत्त्वबोध प्राप्त कर दु:खों के आत्यन्तिक उच्छेद रूप मोक्ष की भावना से कर्त्तव्य है। शिक्षा, रक्षा, अर्थ और सेवा के प्रकल्प को सदा सन्तुलित रखने के अमोघ विधा का नाम सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था है। समस्त भेद भूमियों का सदुपयोग और निर्भेद आत्मा में मनोयोग की एकमात्र अचूक विधा सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था है। इसकी निन्दा और उपेक्षा विद्वेष और अज्ञान मूलक ही है। वैकल्पिक वर्ण व्यवस्था अस्थिर है। वैकल्पिक ब्राह्मण आदि को बनाने में समय की अधिकता, धन की अपव्ययता, अपेक्षित संस्कार की असम्पन्नता, शिक्षा – रक्षा – अर्थ और सेवा के विभागों में कहीं व्यक्ति की अधिकता तथा कहीं न्यूनता, वर्ण संकरता तथा कर्म संकरता रूप संक्रामकता ; तद्वत् विषय लोलुपता और बहिर्मुखता की पराकाष्ठा, अतएव मानव जीवन की अपूर्वता का विघात सुनिश्चित है। सत्ता लोलुपता तथा अदूरदर्शिता के कारण दिशाहीन शासनतन्त्र के अधीन व्यासतन्त्र तथा शिक्षातन्त्र, नीति और अध्यात्म विहीन दिशाहीन व्यापार तन्त्र के अधीन शासन तन्त्र भारत के पतन का प्रबल हेतु है। व्यापार तन्त्र को निगलने के लिये उद्यत सेवा और श्रम के प्रति अनास्थान्वित श्रमिक तन्त्र भारत के अति पतन का उपक्रम है। नीति तथा अध्यात्म विहीन व्यक्ति तथा समाज की संरचना और विविध विकास की परियोजना तथा परिकल्पना प्रबल प्रवञ्चना है।

## जिले में बारहवीं के टापर ओगेश्वर साहू को कलेक्टर ने सम्मानित किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा



आयोजित बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में 92.80 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भेड़ीकला के मेधावी छात्र ओगेश कुमार साहू को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधीश ने इस होनहार छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सम्मानित छात्र के पिता नरेंद्र कुमार साहू, माता देहुती साहू, उनके दादा जी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। यह मेधावी छात्र भांठागांव के रहवासी है। गुदड़ी के इस लाल को संस्था के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों,साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव सहित अनेक लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेंगे मोदी जी - नीलू शर्मा

### छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट जीतेगी भाजपा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा चुनाव सात चरणों में पूर्ण हो गया है जिस पर भाजपा भी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाती हुई नजर आया रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बताया की अंतिम चरण के मतदान के बाद चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन पूरी तरह से तैयार है । और सभी को पूर्ण विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट पर भाजपा को एक बड़ी जीत हासिल होने जा रही है, साथ ही 400 पार का नारा लेकर चल रही मोदी सरकार निसंदेह पूर्ण बहुमत के साथ पुन: भारत देश की बागडोर संभाल कर देश को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर करेगा । श्री शर्मा ने आगे कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक भाजपा का डंका बजने वाला है एवं छत्तीसगढ़ में सभी सीट जीत कर डबल इंजन की सरकार को और गति प्रदान होने वाली है ।



प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बताया कि भाजपा अन्त्योदय की भावना से काम करने वाली पार्टी है देश या राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद पुन : सरकार बनाने में भाजपा का सक्सेस रेट 100 प्रतिशत रहा है तो वहीँ एक बार कांग्रेस की सरकार बनते ही घोटाले और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा ही पार हो जाती है व जनता द्वारा उन्हें नकार दिया जाता है । दस वर्षो से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश ने जिस गति से विकास को देख है वह अविस्मरणीय है । युवा, महिला, व्यापारी, किसान, श्रमिक सभी के उत्थान के लिए योजना बना कर सफ्लता पूर्वक उनका क्रियान्वयन करते हुए देश की जनता ने मोदी जी की सरकार को देखा है, उसी के परिणाम स्वरूप जनता ने भाजपा सरकार की नीतियों पर भरोसा कर भाजपा को वोट दिया है जिससे पुन : पूर्ण बहुमत की सरकार की बनने जा रही है ।

## सईद कुरेशी खान अपनी पत्नी रुखसाना बेगम के साथ 2 जून को हज यात्रा के लिए रवाना



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी खान ड्रेसेस के संचालक सईद कुरेशी खान अपनी पत्नी रुखसाना बेगम के साथ 2 जून को हज यात्रा के लिए रवाना हुए । उनके अच्छे सफर के लिए सभी ने दुआएं की । उनकी इस पावन यात्रा के लिए उनके परिवार के सदस्यों एवं डोंगरगांव नगर के सदर इकराम तँवर, जमील निर्बान , सिद्धि बडगूजर, इकबाल हसन, इशाक तंवर , एजाज हाशमी और इरफान कुरैशी ने शुभकामनाएं दी।

# संतोष पांडे से करारी हार के बाद भूपेश बघेल इवीएम का रोना रोएंगे- मनोज निर्वाणी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि आने वाले 4 जून के लोकसभा परिणाम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करारी हार को नहीं झेल पाएंगे जैसे ही परिणाम आएगा उनके पैरों तले से जमीन खिसक जाएगी वैसे भी एग्जिट पोल के नतीजे के साथ ही कांग्रेस पार्टी का इवीएम का रोना शुरू हो चुका है लेकिन राजनांदगांव की जनता ने शुरू से ही मन बना लिया था कि कांग्रेस के साथ जिस तरह राजनांदगांव में उन्होंने धोखेबाजी की साथ की कार्यालय को राजनांदगांव से स्थानांतरित कर दूसरे स्थान पर ले गए आए हुए विकास के फंड को वापस ले गए और राजनांदगांव में चुनाव लड़ने आ गए उसका बदला जनता ने लेने के लिए उसी दिन ठान लिया था या बाद भूपेश बघेल सोच रहे होंगे कि राजनांदगांव की जनता भोली भाली है लेकिन यही राजनांदगांव की जनता ने शिवेंद्र बहादुर सिंह से लेकर के मोतीलाल बोरा जी से लेकर के ऐसे अनेक महारथी को धूल चटाई है जिन्होंने राजनांदगांव की जनता को गुमराह करने की कोशिश की है अब समय आ गया है 4 जून का परिणाम सुनते ही भूपेश बघेल के पैरों से जो जमीन खिसकना वाली है और यह कहने वाले हैं कि यह इवीएम के कारण हुआ है मैं तो जीता हुआ प्रत्याशी था यह कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा उजागर करती है कि जनता ने करारी हार और शिरकत भूपेश बघेल को देगी भूपेश बघेल जी इवीएम ठीकरा फोड़ने वाले हैं 4 जून का परिणाम सत्य पर आधारित रहेगा और कांग्रेस की काली करतूत को शराब घोटाला से लेकर गोबर घोटाला से लेकर गौठान घोटाला छत्तीसगढ़ में महादेव को भी बक्श नहीं गया ऐसा महादेव सटट अप में नाम सुनाई दिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जनता कभी माफनहीं करेगी और 4 जून को कमल फूल खिल कर रहेगा।



# माँ महामाया देवी रतनपुर में भव्य हवन का आयोजन

**रतनपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट: भारतवर्ष के द्वारा परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) के मुखारविंद से माँ महामाया मंदिर के पास उत्तम ज्वेलर्स,बाजार चौक में भव्य हवन संपन्न हुआ ,108 दुर्लभ सुगंधित जड़ी बूटी से युक्त हवन जो धार्मिक कार्य के साथ पर्यावरण और आसपास के वातावरण में शुद्ध करती है, वास्तुदोष,व्यापार बृद्धि , अकाल मृत्यु से बचने के लिए इस प्रकार का हवन किया जाता है एवं जिसके पास समस्या नहीं है उन्हें भी यज्ञ कथा और हवन करवाते रहना चाहिए, प्रयागराज से आए हुए आचार्य अंशुमान जी ,अजय द्विवेदी जी के द्वारा हवन कुंड की पूजा कार्य कराया गया, इस कार्य में रतनपुर प्रभारी श्रीमति सावित्री गुप्ता,संतोष गुप्ता,लखराम प्रभारी श्रीमति शशि केदार गुप्ता, एवम जनसमुदाय के साथ रायपुर, भिलाई,बिलासपुर, कवर्धा, से भी काफी संख्या में लोग हवन उपस्थित होकर हवन किए,



# 3 लाख के जेवरात चोरी कर सोनार दुकान में बेचने वाले चोर पकड़े गए

### चोरी करने के बाद अपने साथियों व महिला शिक्षक के माध्यम से 03 सोनार दुकान में बेचे थे

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के कालकापारा में 03 लाख के सोने चाँदी के जेवरात चोरी कर सोनार दुकान में बेचने वाले आरोपियों को पुलिस ने रिपोर्ट होने के कुछ समय बाद ही पकड़ लिया। चोरी का मास्टर माइंड प्रार्थी का नाबालिक रिश्तेदार निकला। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी राहुल सहारे पिता स्व0 उदय लाल सहारे उम्र– 27 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ ने 31 मई 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 26 मई 2024 को परिवार के लोग बाहर गये हुये थे घर में अकेला था कि 26 मई 2024 की दरम्यानी रात्रि में किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर अंदर घुंसकर टीन के पेटी में रखे सोने का 04 नग कंगन, 01 नग सोने का पैंडल, 01 जोड़ी सोने का झुमका कीमती 03 लाख –रू0 को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र0– 312/2024 धारा– 457, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर अज्ञात आरोपी के पता तलाश करते हुये अलग–अलग टीम बना कर घटना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज एवं संदेहियों से पुछताछ कर पता तलाश में जुट गए थे कि पता चला कि सोने–चांदी के जेवरात को चोरी करने वाला कोई और नहीं प्रार्थी का ही नाबालिग रिश्तेदार है जिससे पुछताछ करने पर पता चला कि आज से करीबन 03 माह पूर्व ही घर में सुना देखकर पेटी में रखे जेवरात को निकालकर अपने पास



रख लिये था जिसे बेचने के लिये अपने दोस्त दिवाकर वाल्दे को बताया दिवाकर वाल्दे ने कुणाल डोंगरे को बोला कुणाल डोंगरे ने अपने टीचर प्रणिता नायडु को बताया और सभी सामान बेचने के लिये सहमत हुये और डोंगरगढ़ के 03 ज्वेलर्स दुकान में बेचना बताया। प्रकरण में पुलिस ने दिवाकर वाल्दे पिता शिवचरण वाल्दे उम्र– 19 साल साकिन कालकापारा डोंगरगढ़, कुलाण डोंगरे पिता रोशन डोंगरे उम्र– 19 साल साकिन कालकापारा डोंगरगढ़ एवं प्रणिता नायडु पिता प्रदीप नायडू को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर नाबालिग रिश्तेदार बालक द्वारा दिये गये सोने चांदी के जेवरात को प्रणिता नायडू की निशादेही पर डोंगरगढ़ के आदर्श ज्वेलर्स, विजय ज्वेलर्स एवं बम्लेश्वरी ज्वेलर्स में बेचना बताया व आरोपियों के बताये अनुसार सबंधित ज्वेलर्स दुकान में पंहूचकर सोने–चांदी के जेवरात को बरामद किया गया है। ज्वेलर्स संचालकों से जप्त जेवरातो के संबंध में पुछताछ करने पर प्रणिता नायडु को पुराने ग्राहक होने का हवाला देकर जेवरात खरीदकर जेवरात के बदले उसकी कीमत देना बताया गया।। प्रकरण में नाबालिक रिश्तेदार बालक के विरूद्ध धारा– 457, 380 भादवि0 के तहत कार्यवाही किया गया है एवं आरोपी दिवाकर वाल्दे, कुणाल डोंगरे एवं प्रणिता नायडु के विरूद्ध धारा– 414 भादवि0 के तहत कार्यवाही कर सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन का पालन करते हुये अनुबंध पत्र प्राप्त किया गया है।

**चोरी का माल खरीदने वाले ज्वेलर्सो के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं**

नगर में 03 लाख के जेवरातो की चोरी की रिपोर्ट करते ही खबर आग की तरह फैल गई। पुलिस की तत्परता से चोरों को जल्द ही पकड़ लिया पर चोरी का माल खरीदने वाले ज्वेलर्सो के ऊपर कोई भी कार्यवाही नहीं करना नगर में चर्चा का विषय बना रहा। जानकारों ने बताया कि राजनैतिक दबाव के चलते इन ज्वेलर्सो के ऊपर कार्यवाही नहीं की गई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com